wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-104 सागवाड़ा, सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण, पीएम क्षमदी ने स्वच्छता, सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लिए निरंतर प्रयास जैसे 3 संकल्प मांगे

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का सोमवार को लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद वह गंगा आरती देखने के लिए दशाश्वमेध घाट पहुंचे। घाट के सामने मौजूद क्रूज से उन्होंने आरती और लेजर शो देखा। इस दौरान उनके साथ क्रूज पर UP के CM योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने काशीवासियों के साथ-साथ पूरे देश से 3 संकल्प भी मांगे। उन्होंने कहा, कि मैं हर भारतीय को भगवान का अंश मानता हूं, देश के लिए बाबा की पवित्र धरती से तीन संकल्प चाहता हूं। उन्होंने स्वच्छता, सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लिए निरंतर प्रयास जैसे 3 संकल्प मांगे।



### 40 से ज्यादा मंदिरों को संरक्षित किया गया

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर का क्षेत्रफल पहले 3,000 वर्ग फीट था। लगभग 400 करोड़ रुपए की लागत से मंदिर के आसपास की 300 से ज्यादा बिल्डिंग को खरीदा गया। इसके बाद 5 लाख वर्ग फीट से ज्यादा जमीन में लगभग 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से निर्माण किया गया। हालांकि निर्माण कार्य अभी जारी है। इसमें प्रमुख रूप से गंगा व्यू गैलरी, मणिकर्णिका, जलासेन और ललिता घाट से धाम आने के लिए प्रवेश द्वार और रास्ता बनाने का काम है।

गौरतलब है कि धाम के लिए खरीदे गए भवनों को नष्ट करने के दौरान 40 से अधिक मंदिर मिले। उन्हें विश्वनाथ धाम प्रोजेक्ट के तहत नए सिरे से संरक्षित किया गया है।

### मोदी ने मजदूरों को श्रेय दिया, उन पर फूल बरसाए




मोदी बोले, मैं आज अपने हर श्रमिक भाई-बहनों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिसका पसीना इस भव्य परिसर के निर्माण में रहा है। कोरोना के इस विपरीत काल में भी उन्होंने यहां पर काम रुकने नहीं दिया। मुझे अभी इन साथियों से मिलने का अवसर मिला। उनका आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला।

### काशी की गलियों में पैदल घूमे प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री आज से दो दिन के वाराणसी दौरे पर हैं। वे सुबह पौने ग्यारह बजे काशी पहुंचे। सवा ग्यारह बजे उन्होंने काल भैरव मंदिर में पूजा की। पूजा के बाद वे पैदल ही खिड़किया घाट तक गए। यहां से मोदी क्रूज में बैठकर ललिता घाट पहुंचे। ललिता घाट से गंगाजल लेकर मोदी काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। गंगाजल से बाबा का अभिषेक किया। वाराणसी मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है।

### भारतीय संस्कृति के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा मोदी ने: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण को हर भारतीय के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का दिन बताते हुए कहा है कि मोदी ने भारतीय संस्कृति के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। शाह ने सोमवार को श्रृंखलाबद्ध ट्वीट् में कहा, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी सदियों से सनातन संस्कृति का देदीप्यमान प्रतीक रही है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपनी अद्वितीय धर्म परायणता को पुन: चरितार्थ करते हुए काशी विश्वनाथ धाम के भव्य स्वरुप का लोकार्पण कर भारतीय संस्कृति



के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति के संवाहक एवं धर्म ध्वज रक्षक के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सनातन संस्कृति के आस्था केंद्रों के गौरव को पुनर्जीवित करने का अभिनव कार्य किया है।

आज का दिन हर भारतीय के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का दिन है। उन्होंने कहा,इससे विश्व के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालु सुगमतापूर्वक मां गंगा के दर्शन कर सीधे बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना कर सकेंगे व उन्हें काशी विश्वनाथ धाम की दिव्यता और भव्यता की गौरवमयी अनुभूति भी होगी। मैं सभी देशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण के प्रति अभ्रद टिप्पणी करने पर पंचायत राज कार्मिक एपीओ

**डूंगरपुर।** प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद राजकीय कर्मचारियों के हौंसले इतने बुलन्द है कि वें अपनी मर्यादा भूलते जा रहे है उन्हें इतना भी भान नही की वें एक राजकीय कर्मचारी है।

गलियाकोट पंचायत समिति के ग्राम पंचायत रातड़िया के ग्राम विकास अधिकारी बाबूलाल शर्मा ने 13 दिसम्बर को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषण के प्रति अभ्रद टिप्पणी सोशल मीडिया के एक ग्रुप में की जिस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश खोड़निया ने प्रसंज्ञान लेते हुए जिला कलक्टर से वार्ता की जिस पर कार्यवाही अमल में लेते हुए बाबूलाल शर्मा को एपीओ कर जिला परिषद डूंगरपुर में लगाया गया है।

### कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला, 2 पुलिसकर्मी शहीद, 12 घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार शाम आतंकवादियों ने पुलिस बस पर हमला कर दिया। फायरिंग में 2 पुलिसकर्मी शहीद हो गए जबकि 12 घायल हैं। इनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमला जेवन इलाके के खोनमोह रोड के पंथा चौक में हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंडियन रिजर्व पुलिस की 9वीं बटालियन की बस पर आतंकवादियों ने फायरिंग की। इलाके की नाकाबंदी कर दी गई है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी वारदात पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने फौरन हमले की रिपोर्ट मांगी है और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की प्रार्थना की है। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भी हमले की निंदा की है। पुलिसकर्मियों की जिस बस पर हमला हुआ है, वो बुलेटप्रूफ नहीं थी। ज्यादातर पुलिसकर्मियों के पास शील्ड और लाठियां ही थीं। बहुत कम पुलिसवालों के पास हथियार थे। आतंकियों ने बस को रोकने के लिए टायर पर फायरिंग की।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष की कार पर पथराव

### बदमाशों ने फेंके पत्थर, कार के टूटे शीशे, भागकर बचाई जान

**डूंगरपुर।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती की कार पर रविवार देर रात पथराव करने का मामला सामने आया है। कल्पेश एक सामाजिक कार्यक्रम से अपने घर लौट रहे थे। आंबा बस स्टैंड से आगे सुनसान जगह पर उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके गए। शीशा टूटने के बाद कल्पेश कार को दौड़ाकर पंचायत ले गए। पुलिस के साथ लोगों ने आसपास की जगह पर सर्च अभियान भी चलाया, लेकिन कोई नहीं मिला। चाडोली के रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती (35) रविवार को सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घांटा का गांव गए थे। रात करीब 9 बजे वह अपनी कार से अकेले घर लौट रहे थे। आंबा बस स्टैंड से आगे निकलते ही सुनसान जगह पर कुछ बदमाशों ने खेतों की ओर से पथराव कर दिया। अचानक हुए तेज पथराव से वह घबरा गए। एक पत्थर साइड के कांच पर लगा तो वहीं एक अन्य पत्थर आगे के कांच पर लगा।

कार के कांच बंद होने से कोई चोट नहीं आई। इसके बाद कल्पेश भारती कार को बिना रोके तेज रफ्तार चाडोली पंचायत के खेल मैदान लेकर गए। सरपंच रमेश भगोरा को कॉल कर सूचना दी। सरपंच गांव के लोगों के साथ पहुंचे। सूचना पर धंबोला सीआई भैयालाल आंजना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

## 15 सवारियों से भरा टेंपो तीन बार पलटा, बाइक को टक्कर मार पिकअप भी पलटी

### पिकअप ने टेंपो और बाइक को मारी टक्कर,12 घायल

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज रफ्तार डीजे पिकअप ने सवारियों से भरे टेंपो को टक्कर मार दी। ऑटो तीन बार पलटी खाकर पलट गया, जिसमें 9 घायल घायल हो गए। टक्कर मारकर डीजे पिकअप को भागते ले जाने के दौरान एक बाइक को टक्कर मारकर पलट गई। जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल 12 लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि पाडली सांसरपुर गांव में सोमवार सुबह एक टेंपो सवारियों को लेकर डूंगरपुर शहर की ओर जा रहा था।

टेंपो में करीब 15 सवारियां बैठी हुई थी, जिसमें 4 लोग ड्राइवर लक्ष्मण कटारा (50) के पास बैठे थे। कांकरादरा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीजे पिकअप ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टेंपो तीन बार पलटी खाकर रोड पर पलट गया। हादसे के बाद ड्राइवर डीजे पिकअप को भगाकर ले गया।

लोगों की चीख-पुकार सुनकर आए ग्रामीणों ने सभी सवारियों को टेंपो से बाहर निकाला। जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। टेंपो में सवार 15 लोगों में से 9 लोग घायल हो गए। वहीं, बाइक सवार 3 लोग घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल 12 लोगों को एम्बुलेंस की मदद से डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया। पुलिस ने लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त टेंपो को सीधा करवाकर रोड किनारे खड़ा करवाया। जिसके बाद बाधित यातायात को सुचारू करवाया गया। पुलिस ने डीजे पिकअप को जब्त कर ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है

### थार के 2 जिले, बाड़मेर डेंगू से त्रस्त, जैसलमेर को मलेरिया कर रहा बीमार

**बाड़मेर।** मौसमी बीमारियां थार के दो जिला बाड़मेर और जैसलमेर में कहर बरपा रही है। बाड़मेर में डेंगू का असर कम नहीं हो रहा है तो जैसलमेर में मलेरिया रेकार्ड बना रहा है। बाड़मेर जिले में डेंगू का सरकारी आंकड़ा 738 को पार कर चुका है। हालांकि डेंगू से किसी के मौत की पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी तरफ पड़ोसी जिला जैसलमेर मलेरिया का गढ़ बन गया है। यहां पर उदयपुर को छोड़ दें तो सबसे अधिक मलेरिया के केस जैसलमेर में मिले हैं। वहीं जोधपुर संभाग मुख्यालय के अलावा अन्य पांच जिलों में बाड़मेर में सबसे अधिक डेंगू का कहर बना हुआ है। हालांकि विभाग अब इसे काफी कम मान रहा है। लेकिन रोगियों के आने का सिलसिला थमा नहीं है। इस साल बरसात के बाद सितम्बर से शुरू हुआ डेंगू साल के आखिरी महीने दिसम्बर में भी लगातार बना हुआ है। मरीज सामने आने से चिकित्सा विभाग भी अलर्ट मोड पर है। नए मरीज सामने आने से अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी अभी बनी हुई है। जिससे जरूरत पडने पर काम में ली जा सके। अस्पताल के वार्ड के गैलरी में लगे कुछ बैड अब खाली है। लेकिन इनको यहां से नहीं हटाया गया है। डेंगू का असर प्रत्येक साल बरसात के बाद मरीजों की संख्या बढ़ती है। लेकिन अक्टूबर-नवम्बर में डेंगू धीमा पड़ जाता है। लेकिन इस बार यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

## डूंगरपुर सभापति ने कहा,अतिक्रमण पर होंगी सख्त कार्यवाही,भूखंड साफ़ नहीं तो होंगे सीज

डूंगरपुर। हमारा शहर स्वच्छ एवं सुन्दर है और शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनाये रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है,शहर में कही भी,किसी के द्वारा अतिक्रमण किया गया हो तो उस पर परिषद द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी ये बात सोमवार को नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने प्रेस विग्यप्ति जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दास्त नहीं किया जाएगा और किसी ने भी अतिक्रमण किया तो उस पर नगरपरिषद द्वारा ठोस कार्यवाही की जायेगी। सभापति ने कहा कि शहर में नगरपरिषद की बिना स्वीकृति के कोई भी सरकारी जमीन पर केबिन न लगाए और अगर नगरपरिषद की बिना स्वीकृति के केबिन लगाया गया तो उस केबिन को नगरपरिषद द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। वही सभापति ने कहा कि नगरपरिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है और स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को एक बार फिर नंबर 1 बनाना है।

वही सभापति ने आमजन को शहरी स्वच्छता में पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। सभापति ने कहा कि टीम परिषद को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण के साथ,अवैध पॉलीथिन को लेकर नियमित कार्यवाही करे,फूटकर व्यापारियों को व्यवस्थित बिठाने हेतु प्रतिदिन निरीक्षण करे। सभापित ने बताया कि शहर में गंदगी से अटे पड़े खाली भूखंडो को सीज किया जाए और उन्हें परिषद द्वारा साफ़ कराकर जुर्माना वसूला जाये।


### महाराष्ट्र के इगतपुरी नगर पालिका की टीम ने देखा सिस्टम, बोले-वाकई में खूबसूरत है

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर शहर की स्वच्छता देखने के लिए महाराष्ट्र राज्य की इगतपुरी नगरपालिका की टीम की दौरे पर पहुंची। टीम ने डूंगरपुर शहरी क्षेत्र के स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। टीम ने शहर की स्वच्छता देखने के बाद इसकी खूबसूरती की भी खूब तारीफ की। टीम के सदस्यों ने कहा कि डूंगरपुर वाकई में बहुत खुबसूरत है। महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी नगरपालिका के सहायक अभियंता पंकज गोस्वायी, सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रवीण थेटे, मोहन पंवार, रविंद्र, इंदुल्कर सहित फिनिश सोसाइटी के मनीष हार्ले की टीम डूंगरपुर पहुंची। इगतपुरी के सहायक अभियंता पंकज गोस्वायी ने बताया कि स्वच्छ शहरों की श्रेणी में डूंगरपुर निकाय का नाम सुना था और यहां की स्वच्छता के भी काफी चर्चे थे तो हमारी टीम को दो दिवसीय डूंगरपुर शहर के दौरे पर आए हैं। जब हम शहर में आ रहे थे तो कहीं भी कचरे का ढेर नहीं दिखा। यहां के लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता है। निश्चित ही डूंगरपुर निकाय ने स्वच्छता के एक-एक बिंदु पर जमीनी स्तर पर काम किया है। सहायक अभियंता ने कहा कि अब हमारी नगरपालिका इगतपुरी में भी इन सभी कार्यों को लागू करके डूंगरपुर जैसा स्वच्छ बनाएंगे। टीम ने नगर परिषद में आयुक्त नरपत सिंह राजपुरोहित और सहायक अभियंता विकास लेघा से भी मुलाकात की और शहर को स्वच्छ बनाने के बारे में विस्तार से चर्चा की। आयुक्त नरपत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि हमें यहां की जनता का पूरा सहयोग मिला। जनता के सहयोग के बिना हम शहर को स्वच्छ नहीं बना सकते थे। हमारी निकाय के कर्मचारी भी स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं और शहरी स्वच्छता को लेकर रात-दिन काम कर रहे है।

## वाल पेंटिंग और प्रतिमाओं से बदली श्मशान घाट की तस्वीर

### बासंवाड़ा मार्ग स्थित मोक्ष धाम का हो रहा सौंदर्यीकरण, पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने लिया जायजा

**सागवाड़ा।** शहर के श्मशान घाट भी अब अपनी अलग पहचान बन रहे है। शहर के श्मशान घाट किसी सुंदर उपवन से कम नही होंगे। शहर के श्मशान घाट को खूबसूरत पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। नगर पालिका सागवाड़ा ने शहर के सौंदर्यीकरण में एक ओर काम किया है। अब शहर के श्मशान घाट के स्वरूप को निखारने का काम हो रहा है इसी कड़ी में बांसवाड़ा मार्ग पर स्थित दो श्मशानघाट के सौंदर्यीकरण का काम हाथ में लेकर इसकी शुरूआत कर दी है। नगर पालिका की ओर से यहां वाल पेंटिंग और प्रतिमाएं लगवा कर श्मशान घाट की तस्वीर ही बदल डाली है।सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष बंधु पाठक, भरत भट्ट और ललित पंचाल ने मोक्षधाम में चल रहे कार्य का अवलोकल किया। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि शहर के दो मोक्षधाम के विकास का काम हाथ में लिया है। खोडनिया ने बताया कि शहरवासियों की मांगा के अनुसार मोक्ष धाम के विकास का काम किया जा रहा है। दोनों जगह एकरेलीक की प्रतिमाएं लगा कर इसे आकर्षक बनाया जा रहा है। मानव जीवन के विकास के क्रम को यहा दर्शाया गया है। साथ ही सेवा का संदेश देने के लिए श्रवण कुमार व



उनके माता पिता की प्रतिमा लगाई गई है। इसके अलावा भी यहा भगवान शिवजी की बड़ी प्रतिमा लगाने की योजना है। इस श्मशान घाट को एक दार्शनिक स्थल का रूप दे दिया है।। दीवारों को कोई गंदा नही करें इस लिए भगवान शंकर और अन्य धार्मिक पेंटिंग की गई है।